# चलना है राम भक्तो प्रभु राम की अयोध्या लिरिक्स

श्री राम जी के दर्शन,
सुखधाम की अयोध्या,
चलना है राम भक्तो,
प्रभु राम की अयोध्या।bd।

तर्ज – मुझे इश्क़ है तुझी से।

---

सरयू का तट निराला,
गोता लगाएंगे हम,
इस तन के पाप अपने,
सारे बहाएंगे हम,
सीता रसोई जाकर,
सब खान पान करना,
हनुमानगढ़ी जाकर,
हनुमत का ध्यान धरना,
श्री राम भक्त हनुमत,
के नाम की अयोध्या,
चलना हैं राम भक्तों,
प्रभु राम की अयोध्या।bd।

---

ऋषियों की है अयोध्या,
संतो की है अयोध्या,
सब जाति धर्म की है,
महंतो की है अयोध्या,
दुखियों की है अयोध्या,
गुणियों की है अयोध्या,
जप तप जोशियों की,
मुनियों की है अयोध्या,
भैया भरत लखन के,
कुल काम की अयोध्या,
चलना हैं राम भक्तों,
प्रभु राम की अयोध्या।bd।

---

श्री राम जन्म भूमि,
पर राम लला आए,
मंदिर बना निराला,
खुशियों के भी अपने,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मर्यादा यहाँ मिलती,
संस्कार यहाँ मिलते,
कहते है 'राजू' दु:ख के,
उपचार यहाँ मिलते,
हर रण की यह विजय है,
परिणाम की अयोध्या,
**Bhajan Diary Lyrics,**
चलना हैं राम भक्तों,
प्रभु राम की अयोध्या।**bd।**

---

श्री राम जी के दर्शन,
सुखधाम की अयोध्या,
चलना है राम भक्तो,
प्रभु राम की अयोध्या।**bd।**

स्वर – प. चंद्रभुषण जी पाठक।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com